राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे का छत्रपति संभाजी नगर में हुआ भाव–भरा अभिनंदन

'सहकार महर्षि' के रूप में राज्यपाल का जन–जन ने किया सम्मान

राज्यपाल ने कहा, यह मेरा नहीं आम–जन का सम्मान है

गांव–गरीब के लिए सदा समर्पित होकर कार्य करता रहूंगा–राज्यपाल श्री बागडे

जयपुर, 21 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे का बुधवार को छत्रपति संभाजी नगर में 'सहकार महर्षि' के रूप में महाराष्ट्र के डेयरी और राजस्व मंत्री श्री राधाकृष्ण विखे पाटील के मुख्य आतिथ्य में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गणों, गणमान्य जनों, सहकारिता आंदोलन से जुड़े विशिष्ट जनों आदि ने सार्वजनिक रूप में अभूतपूर्व अभिनंदन किया।

श्री बागडे भी इस दौरान भावुक हो उठे और उन्होंने कहा कि वह डेयरी, पशुपालन और सहकारिता के जरिए गांव–गरीब के लिए सदा समर्पित होकर कार्य करते रहेंगें। उन्होंने अपने अभिनंदन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह मेरा नहीं जनता का सम्मान है।

गोवर्धन दुग्ध सहकारी संस्था के स्वर्ण जयंती महोत्सव पर आयोजित अभिनंदन समारोह में महाराष्ट्र के दुग्ध पालकों और सहकारिता आंदोलन से जुड़े विशिष्ट जनों ने उनका अभिनंदन करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में डेयरी और पशुपालन को श्री बागडे ने गति ही प्रदान नहीं की बल्कि इसके जरिए गरीब और गांव के लोगों को आजीविका के साथ सम्मान से रहने की दृष्टि प्रदान की है।

श्री बागडे के अभिनंदन समारोह में उनके द्वारा स्थापित 'गोवर्धन दुग्ध सहकारी संस्था' के इतिहास की चर्चा करते हुए यह भी कहा गया कि ऐसे दौर में जब दुग्ध उत्पादन सहकारी आंदोलन नहीं बना था, तब देश में दुग्ध उत्पादन और विपणन के जरिए पशुपालकों और किसानों की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का महती कार्य उन्होंने किया। समारोह में राज्यपाल श्री बागडे का भाव–भरा अभिनंदन करते हुए उनके द्वारा जनहित में कृषि, पशुपालन और डेयरी से राजस्व प्राप्ति के लिए गांव–गरीब के लिए किए कार्यो का विशेष रूप से स्मरण किया गया।

––––

पाटील
महाराष्ट्र राज्य

प्रमुख पाहुणे
राधाकृष्ण विखे पाटील
व दुग्धविकास मंत्री महाराष्ट्र राज्य